# कार्यालय समन्वयक पी.टी.ई.टी. 2024

## PTET-2024 के सम्बन्ध में सामान्यतः विद्यार्थियों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs)

| | |
|---|---|
| 1. क्या यह वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय द्वारा सचालित बी.एड. (दूरस्थ शिक्षा) में प्रवेश के लिए आयोजित की जा रही है ? | यह राज्य सरकार द्वारा आदेशित राज्य के लगभग 1400 महाविद्यालयों में द्विवर्षीय बी.एड. / चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीए बी.एड. / बी.एस.सी बी.एड. में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली परीक्षा है । |
| 2. क्या इस परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग है ? | नहीं<br>इस परीक्षा में कोई नेगेटिव मार्किंग नहीं है । |
| 3. आवेदन करते समय हमें कौनसे दस्तावेज अपलोड करने होगें ? | आपको आवेदन करते समय केवल फोटो, हस्ताक्षर एवं बाएं अंगूठे का निशान (Left Thumb Impression) ही अपलोड करने होगें प्रत्येक की साइज 100 KB से कम होनी चाहिये । |
| 4. मेरे पास वर्तमान में OBC (अन्य पिछड़ा वर्ग) का जाति प्रमाण पत्र नहीं है । क्या मैं OBC श्रेणी भर सकता हूँ ? | नहीं<br>आज की आवेदन तिथि तक आपके पास OBC का प्रमाण पत्र होना आवश्यक है, जो एक वर्ष से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए । |
| 5. मेरा पेमेंट हो चुका है मगर मेरे पास अभी भी चालान नंबर नहीं आया है क्या करूँ ? | Forget Challan /Registration No. से आप अपनी लॉग इन डिटेल्स डालकर प्राप्त कर सकते हैं । |
| 6. मेरा पेमेंट हो जाने के बाद में जब मैं लॉग इन कर रहा हूँ तो Payment Not Verified दिखा रहा है ? | इसके लिए आप Check Challan Payment Status पर जाकर पता कर सकते हैं । |
| 7. हमारे पास पेमेंट करने के लिए क्या-क्या विकल्प हैं ? | आप पेमेंट के लिए ऑनलाइन व नेट बैंकिंग , डेबिट कार्ड , क्रेडिट कार्ड अथवा ई-मित्र का उपयोग कर सकते हैं । |
| 8. मेरे कक्षा XII में वाणिज्य विषय है, क्या मैं 4 वर्षीय पाठ्यक्रम (B.A. B.Ed/ B.Sc. B.Ed) में आवेदन कर सकता हूँ ? | i. कक्षा XII में वाणिज्य व कला विषय के अभ्यर्थी केवल B.A. B.Ed. के लिए आवेदन कर सकते हैं ।<br>ii. कक्षा XII में विज्ञान विषय के अभ्यर्थी B.Sc. B.Ed. एवं B.A. B.Ed. के लिए आवेदन कर सकते हैं । |

| | |
|---|---|
| 9. मेरे ग्रेजुएशन में वांछित न्यूनतम प्रतिशत से कम अंक हैं एवं पोस्ट ग्रेजुएशन में वांछित न्यूनतम प्रतिशत से ज्यादा अंक हैं, क्या मैं आवेदन फॉर्म भर सकता हूँ ? | हाँ<br>आप पोस्ट ग्रेजुएशन के अंकों के आधार पर फॉर्म भर सकते हैं । |
| 10. मेरे ग्रेजुएशन एवं पोस्ट ग्रेजुएशन में वांछित न्यूनतम प्रतिशत से कम अंक हैं क्या मैं आवेदन फॉर्म भर सकता हूँ ? | नहीं<br>न्यूनतम प्रतिशत में किसी भी प्रकार की छूट नही है। (एक अंक की भी नहीं) |
| 11. मेरा अभी रिज़ल्ट नहीं आया है , क्या मैं आवेदन फॉर्म भर सकता हूँ ? | हाँ<br>आप आवेदन फॉर्म भर सकते हैं लेकिन ऑनलाईन कॉन्सलिंग के समय तक आपका रिज़ल्ट आ जाना चाहिए , इसके अभाव में आपका फॉर्म स्वत: ही निरस्त माना जावेगा । |
| यदि वेबपेज (Webpage) खुलने में काफी समय लग रहा है, तो मुझे क्या करना चाहिये? | इन्टरनेट द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण की गति कई कारकों पर निर्भर होती है, जैसे–इन्टरनेट की गति, एक ही समय बहुत से अभ्यर्थी ऑनलाइन पंजीकरण हेतु प्रयासरत है, इत्यादि । इसलिए यदि आपको पंजीकरण हेतु आवश्यक वेबपेज तुरंत नहीं खुल रहा है तो कृपया 15 मिनट के अन्तराल के बाद पुनः प्रयास करें अथवा रात्रि में प्रयास करें जब कम लोग पंजीकरण के इच्छुक होते हैं ।<br>आपको सुझाव दिया जाता है कि आवेदन करने के लिए अन्तिम तिथि से पूर्व ही आवेदन कर देवें क्योकि आवेदन की अन्तिम तिथि के दिनों में सम्भावित अत्यधिक आवेदन के कारण सर्वर पर लोड हो सकता है एवं आवेदन भरने / भुगतान करने में समस्या आ सकती है जिसके लिए परीक्षा आयोजक विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा । |
| मुझे यह कैसे ज्ञात होगा कि मेरा आवेदन पंजीकृत हो गया है ? | जब सबमिट (SUBMIT) पर क्लिक करने के उपरांत आवेदन पत्र संख्या (Form No.) आ जाए तो इसका तात्पर्य है कि आपका पंजीकरण हो गया है । इस पंजीकरण संख्या को सावधानीपूवक नोट कर सुरक्षित रख लें अन्यथा आप आवेदन पत्र का प्रिंट प्राप्त नहीं कर पाएंगे । |
| मुझे यह कैसे सुनिश्चित होगा कि मेरा आवेदन सुरक्षित (SAVE) हो गया है ? | सफल पंजीकरण के प्रति शंका होने पर अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे उसी वेबपेज |

# कार्यालय समन्वयक पी.टी.ई.टी. 2024

| | |
|---|---|
| | (Webpage) के रि-प्रिंट (RE-PRINT) पर जाएँ और प्रिंट आउट प्राप्त कर लें और इस प्रकार वे अपने आवेदन की SOFT COPY एवं HARD COPY (प्रिंट आउट) को सुरक्षित रख सकते हैं । |
| मुझे ऑन-लाइन आवेदन को सबिमट (SUBMIT) करने के उपरांत खाली / शून्य पंजीकरण संख्या प्राप्त हो तो क्या करें ? | अपवाद स्वरुप ऐसी स्थिति कभी-कभी आ सकती है जब अभ्यर्थी को शून्य पंजीकरण संख्या प्राप्त हो \| इस स्थिति में अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन का पुन: पंजीकरण करें और प्रिंट आउट को आवेदन के रिप्रिंट (RE-PRINT APPLICATION) से जाँच लें । |
| 12. क्या आवेदन फॉर्म की हार्ड प्रति PTET कार्यालय में भेजनी है ? | नहीं<br>आपको आवेदन पत्र की हार्ड प्रति अपने पास सुरक्षित रखनी है जिसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ काउंसलिंग के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । |
| 13. फॉर्म भरते समय कुछ ग़लत एण्ट्री हो गयी है इसे कैसे ठीक कर सकता हूँ ? | अंतिम तिथि पश्चात प्रवेश पत्र जारी होने से पहले एक निश्चित अवधि हेतु त्रुटि सुधार का अवसर सभी आवेदकों को दिया जाएगा । कृपया ध्यान देवें कि पूर्व में दी गई सूचना में आंशिक संशोधन ही स्वीकार्य होंगे। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा ।<br>कृपया अंतिम तिथि बाद भी वेबसाइट का अवलोकन करते रहें । |
| 14. फॉर्म भरने में कोई समस्या होने पर कहाँ संपर्क करना होगा? | आप 08:00 AM to 08:00 PM में इन नंबर्स पर फोन कर सकते हैं :-<br>8742005833, 8742005303 |
| 15. आवेदन शुल्क जमा करने में कोई तकनीकी समस्या होने पर कहाँ संपर्क करना होगा? | आप सुबह 10.00AM से शाम 6.00PM के मध्य इस नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं :- 8169219014 |
| 16. मुझे इस परीक्षा के संबंध में किसी अकादमिक बिन्दु की जानकारी चाहिए तो मुझे कहाँ संपर्क करना होगा? | आप 08:00 AM to 08:00 PM में इन नंबर्स पर फोन कर सकते हैं:-<br>Office Phone No: 0744-2471156<br>Mobile- 6367026526 |
| 17. मुझे इस परीक्षा के संबंध में किसी बिन्दु पर विस्तृत चर्चा करनी है मुझे कहाँ संपर्क करना होगा? | आप अपना विस्तृत प्रश्न इस ई-मेल पर प्रेषित कर सकते हैं :-<br>Email ID: ptet2024@vmou.ac.in |

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

VARDHMAN MAHAVEER OPEN UNIVERSITY, KOTA

1987

सा विद्या या विमुक्तये